सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर—272202 उ०प्र०(भारत)
Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

सूचना

(अतिमहत्त्वपूर्ण / समयबद्ध)

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या—5404 / प0सा0 / सि0वि0वि0 / 2026 दिनांक 29—01—2026, पत्र संख्या—5415 / प0सा0 / सि0वि0वि0 / 2026 दिनांक 02—02—2026 एवं पत्र संख्या—5457 / प0सा0 / सि0वि0वि0 / 2026 दिनांक 25—02—2026 द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक / परास्नातक विषम सेमेस्टर सत्र 2025—26 हेतु महाविद्यालयों द्वारा छात्रों को वोकेशनल / आन्तरिक परीक्षाएं / मूल्यांकन का अंक ऑनलाइन पूरित किये जाने हेतु अंतिम तिथि 28—02—2026 निर्धारित किया गया था, किन्तु कुछ महाविद्यालयों द्वारा वोकेशनल / आंतरिक परीक्षाएं / मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन पूरित नहीं किया गया है। जोकि खेदजनक है, जिसे मा0 कुलपति जी द्वारा अत्यन्त गम्भीरता से लिया गया है। आपका उक्त कृत्य विश्वविद्यायल के आदेशों की अवहेलना है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार छात्रहित में राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक / परास्नातक विषम सेमेस्टर सत्र 2025—26 एवं एम0एड0 विषम सेमेस्टर सत्र 2025—26 के वोकेशनल / आन्तरिक परीक्षाएं / मूल्यांकन के अंक अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल पुनः दिनांक 30—03—2026 से दिनांक 02—04—2026 तक खोला जा रहा है। उक्त निर्धारित तिथि तक वोकेशनल विषय एवं अन्य विषयों के आन्तरिक मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन पूरित करते हुए उसकी हॉर्डकापी दिनांक 02—04—2026 तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

नोट—जिन महाविद्यालयों द्वारा सत्र—2025—26 के स्नातक / परास्नातक विषम सेमेस्टर एवं एम0एड0 सत्र—2025—26 के विषम सेमेस्टर में सम्बन्धित वोकेशनल व अन्य विषयों के आन्तरिक अंक पूरित नहीं किये गये हैं, वे उपरोक्त अवधि में पूर्ण कर लें। अन्यथा अप्रैल माह में सम सेमेस्टर की परीक्षाएं संचालित होनी है। ऐसे में छात्रहित के प्रतिकूल उनके अंक पूरित नहीं किये गये हैं तो उन महाविद्यालयों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक—5478 / प0सा0 / सि0वि0वि0 / 2026 दिनांक 30—03—2026

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता / कुलानुशासक, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. विभागाध्यक्ष / समस्त प्रभारी (परिसर), सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी / जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0, सि0।
6. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक